Article Date	Headline / Summary	Publication
06 May 2026	Correct information and awareness about insurance is necessary	Prabhat Khabar (Hindi)

बीमा के बारे में सही जानकारी और जागरूकता है जरूरी

कोलकाता. बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) के एमडी व सीईओ डॉ तपन सिंघल ने कहा कि इंश्योरेंस एक ऐसी चीज है, जिससे आप अचानक से आने वाली कई समस्याओं का सामना आसानी से कर सकते हैं. यह न केवल आपको आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि आपकी मानसिक शांति का भी ख्याल रखता है. लंबे समय से इंश्योरेंस के प्रति लोगों में एक चिंताजनक रुझान देखने मिले हैं. देखा गया है कि अधिकतर लोगों ने इंश्योरेंस की सुरक्षा तो ले रखी है, लेकिन वे पर्याप्त रूप से कवर नहीं हैं. असल समस्या तब आती है, जब लोग इंश्योरेंस के लिए क्लेम करते हैं. इस दौरान, उन्हें पता चलता है कि उनका इंश्योरेंस कवर पर्याप्त नहीं है. इसलिए बीमाकर्ता को बीमा उत्पाद के बारे में सही जानकारी व जागरूकता होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि इंश्योरेंस कवर पर्याप्त न हो, तो अधिकतर इंश्योरेंस कंपनियां क्लेम को आनुपातिक रूप से सेटल करती हैं. इसलिए जरूरी है कि आप समय-समय पर अपने कवर की अच्छी तरह से जांच-पड़ताल करें, इसकी सब-लिमिट्स क्या हैं? इसके अलावा, यदि आपको कोई संदेह हो, तो अपनी इंश्योरेंस कंपनी या सलाहकार से बातचीत करें.